दिल दिया मैंने उस सावरे को | by Ginny Kaur

दिल दिया मैंने उस सांवरे को
दिल के अरमाँ संवरने लगे हैं
अब किसी की ज़रूरत नहीं है
दिन अच्छे गुजरने लगे हैं
दिल दिया मैंने..........

उसको देखा नहीं मैंने अब तक
उसकी सूरत तो दिल में बसी है
नाम सुनते ही मिलता सुकूं हैं
नैनो में सिमटने लगे हैं
दिल दिया मैंने..........

उसकी मुस्कान है ऐसी ज़ालिम
मैंने दुनिया से ऐसा सुना है
अब तो जीना है उसकी ही होके
हम दीवाने से होने लगे हैं
दिल दिया मैंने..........

जादूगर ऐसा दिल को चुरा ले
दिल किया मैंने उसके हवाले
गिन्नी को बांटता है ख़ज़ाने
झोलियाँ हम भी भरने लगे हियँ
दिल दिया मैंने..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%89%e0%a4%b8-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8b-by/